## खबर संक्षेप



### जलकी में श्रीमद भागवत पोथी पारायण कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम जलकी में श्रीमद भागवत मूल पोथी परायण का आयोजन 25 से 31 अक्टूबर तक किया गया है। जिसके मुख्य जजमान कृष्णलाल साहू, रुक्मणि साहू व परायण संकल्प जजमान लीलाधर साहू, पतंजलि साहू, सोमप्रकाश साहू ज्योति साहू है। जानकारी देते हुए कृष्णलाल साहू ने बताया कि सुकताल वृंदावन के आचार्यों द्वारा सुबह 7 बजे से दोपहर 12 तक श्रीमद भागवत का परायण किया जाएगा। संध्या 4 बजे से हरिनाम कीर्तन व भगवत चर्चा होगी।

### रेत उत्खनन के लिए मंगाए गए आवेदन

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिसके लिए अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों का निविदा आमंत्रित किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 कुल 07 दिवस तक जमा की जाएगी। बोलियां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।



### श्याम बाबा की जयंती 1 को, कई कार्यक्रम होंगे

**महासमुंद।** श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर ग्राम भलेसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 नवंबर शनिवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर साहड़ा चौक में भव्य कलश यात्रा, पूजा एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 02 बजे से कलश यात्रा, निशान यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। तदोपरांत दोपहर 03 बजे से श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम होगा। रात्रि 08 बजे से प्रख्यात भजन गायक खगेश डड़सेना, निर्मल यादव व अविनाश लाडला अपनी प्रस्तुति देंगे।

### कबीर मंदिर में दीपावली मिलन समारोह 28 को

**महासमुंद।** शहर के रायपुर रोड स्थित स्थानीय कबीर मंदिर में 28 अक्टूबर मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे कबीरपंथी साहू समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें जिले के कबीरपंथी साहू समाज के अलावा अन्य जिलों के पदाधिकारी व केंद्रीय समिति के सदस्य उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए समाज के सेवाराम साहू, मुकुंद साहू ने बताया कि यह आयोजन जिले के समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं केंद्रीय पदाधिकारियों की सहमति से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सभी जिलों के परिक्षेत्र पदाधिकारी को निवेदन एवं आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज के वार्षिक अधिवेशन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए स्थल तय किया जाएगा। बालोद जिला से प्राप्त आवेदन के अनुसार बालोद जिला प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी इकाई के प्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे।

---

कार्यशाला : फणीकेश्वरनाथ कालेज में सीपीआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ

# सांस रुकने की स्थिति में सीपीआर देना जरूरी: रात्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार, इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर और जिला शाखा गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीयसीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीपीआर में प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना थीम पर केंद्रित थी। कार्यक्रम का समन्वय और नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवादास बंजारे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मधुबाला रात्रे (सभापति, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद) और विशिष्ट अतिथि व मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में डॉ. विपिन लहरे (मेडिकल अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मधुबाला रात्रे ने कहा कि साँस रुकने की स्थिति में जीवन बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सीपीआर सीखना आवश्यक है और इस जागरूकता को विशेष रूप से स्थानीय युवाओं तक पहुँचाया जाना चाहिए।





### 61 स्वयंसेवक रहे शामिल

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने सीपीआर को जीवन-रक्षक उपाय बताते हुए कहा कि यह तब आवश्यक होता है जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना या साँस लेना बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण लोगों को आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. विपिन लहरे ने प्रथम सत्र में बुनियादी सीपीआर (वयस्क) के चरण विस्तार से समझाए। उन्होंने बताया कि 1. सबसे पहले अनुत्तरदायीता की जाँच करें और तुरंत सहायता के लिए कॉल करें। 2. छाती पर दबाव डालें एक हाथ की एड़ी को छाती के बीच में रखकर, दूसरे हाथ को उसके ऊपर रखें। प्रति मिनट 100–120 संपीड़न की दर से लगभग 2 इंच (5 सेमी) तक सीधे नीचे दबाएँ। 3. 30 बार दबाव डालने के बाद, सिर को पीछे झुकाकर, ठोड़ी को ऊपर उठाकर, तथा नाक को बंद करके 2 बचाव श्वास दें। 4. 30 बार दबाव और 2 बार साँस लेने के चक्र को तब तक दोहराएँ जब तक चिकित्सा सहायता न आ जाए या व्यक्ति में जीवन के लक्षण न दिखाई देने लगें। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों के सवालों और जिज्ञासाओं को वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शांत किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित 61 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

---

## खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव

ग्राम सोरिद में युवा संगठन सोरिद द्वारा भव्य रूप से मातर महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता श्री राजू साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि, ग्राम और समाज की प्रगति तभी संभव है जब युवा वर्ग सक्रिय होकर समाज सेवा, शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जनपद सदस्य पुष्पा सिंन्हा जी ने युवा संगठन सोरिद के प्रयासों की सराहना की। इस समारोह में राजनीति, धर्म, समाज सेवा, शिक्षा, खेलकूद और अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिला समूह, युवा वर्ग और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। युवा संगठन के प्रमुख सदस्यों ने मंच का सफल संचालन किया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत-संगीत और मातर महोत्सव से जुड़ी पारंपरिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। उपस्थित जनसमूह ने ऐसे कार्यक्रमों को समाज में एकता, सम्मान और प्रेरणा की भावना को मजबूत करने वाला बताते हुए आयोजन की सराहना की। अंत में, आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और आगामी वर्षों में इस आयोजन को और अधिक व्यापक रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया।

■ मातर महोत्सव में प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया

---

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा अवेयरनेस कैम्पेन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "सड़क सुरक्षा अवेयरनेस कैम्पेन 2025" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय की टीम ने कोसम्बूड़ा मोड़ पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव एवं शैक्षणिक अधिष्ठाता के प्रेरणादायी संदेशों से हुआ। कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि "सड़क सुरक्षा केवल नियमों की बात नहीं, यह जीवन की सुरक्षा का प्रश्न है।" कुलसचिव ने युवाओं से यातायात नियमों के पालन को अपनी आदत बनाने का आग्रह किया। वहीं, शैक्षणिक अधिष्ठाता ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक अभियानों से छात्रों में जिम्मेदारी और नैतिक चेतना का विकास होता है। कार्यक्रम में गरियाबंद जिले से पधारे परिवहन अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनमें रामाधर मरकाम सहायक उप निरीक्षक, छत्तीसगढ़ पुलिस, धर्मेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र पटेल, ए. पांडे, ईश्वर साहू, भूपेंद्र ठाकुर शामिल थे। इन अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और मोबाइल का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि "सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।" इस अभियान का सफल संयोजन इंजीनियरिंग संकाय के सहायक प्राध्यापक वेगेश कुमार द्वारा किया गया। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पेम्फलेट बाँटे, नारे लगाए और आमजन को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। स्थानीय नागरिकों ने विश्वविद्यालय की इस जनहितकारी पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सुरक्षा और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत बनाते हैं।

---

### स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए करेंगे प्रेरित: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम फुसेराडीह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान अपने उद्बोधन में तुषार ने कहा कि आज नशामुक्ति का अर्थ है, नशे की आदतों से मुक्ति प्राप्त करना। आज के समय में नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है। शराब, सिगरेट, तंबाकू, गांजा, अफीम जैसे नशीले पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करते हैं, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करते हैं। नशे की लत व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को कम कर देती है और उसे गलत रास्ते पर ले जाती है। नशा करने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है, परिवार में कलह और असंतोष बढ़ता है। नशे के कारण अनेक अपराध भी होते हैं, जिससे समाज की शांति भंग होती है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर नशा मुक्ति के लिए कदम उठाने चाहिए। जागरुकता अभियान, शिक्षा, और नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से लोगों को इस बुराई से बाहर निकाला जा सकता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को स्वस्थ और सफल बनाना चाहिए।

---

## मातर महोत्सव की धूम, लोहझर में 50 वर्ष पुरानी परंपरा का निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर सहित आसपास के ग्रामों-लोहझर, मंडेली, मोंगरा सहित कई गांवों में पारंपरिक मातर महोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। दीपावली के पांचवें दिन आयोजित होने वाला यह पर्व विशेष रूप से यादव समाज द्वारा मनाया जाता है, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। ग्राम लोहझर में मातर महोत्सव की परंपरा लगभग 50 वर्ष पुरानी बताई जाती है। बुजुर्ग ग्रामीणों ने बताया कि उनके पूर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई इस परंपरा को आज भी पूरी श्रद्धा के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इस वर्ष भी गांव के सभी सामाजिक बंधु और ग्रामीणजन एकजुट होकर कार्यक्रम को भव्य रूप दिया।

**बच्चों के मनोरंजक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र-** दिवसीय आयोजन के अंतर्गत बच्चों के लिए रंगोली, सुआ नृत्य और कुर्सी दौड़ जैसी सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उपस्थित जनसमूह से खूब तालियाँ बटोरीं।

### पताका एवं झलमला यात्रा से हुआ शुभारंभ

महोत्सव की शुरुआत प्रातःकाल झलमला यात्रा से की गई। पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल, नगाड़ा, बाजे-गाजे की गूंज के बीच ग्रामीण अपने घरों में रखे पताका (ध्वज) को लेकर नगर भ्रमण करते हुए मातर महोत्सव स्थल तक पहुंचे। वहां पर गौ-वंश की समृद्धि हेतु गाय के छोटे बछड़ों (बछरू) के साथ-साथ इष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सोहई बांधने की पारंपरिक रस्म निभाई गई।



### पारंपरिक वेशभूषा में यादव समाज का आगमन

दोपहर लगभग 1 बजे से यादव समाज के बंधु पारंपरिक परिधानों में सजे हुए, लाठी-डंडे लेकर वाद्ययंत्रों की थाप पर नाचते-गाते हुए मातर महोत्सव स्थल पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना के बाद समस्त उपस्थित भक्तों को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। शाम होते-होते महोत्सव स्थल पर जनसमूह की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। नृत्य, लोकगीत, सुआ नृत्य और लोककला की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मातर महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसे यादव समाज सहित क्षेत्र के सभी वर्गों के लोग मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं।

---

## छत्तीसगढ़ में भी शीघ्र होगा स्वर्णकला बोर्ड का गठन : विधानसभा अध्यक्ष



**बसना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वर्णकला बोर्ड के गठन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सोनी समाज के राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर में डॉ. रमन सिंह से भेंट की। डॉ. सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में भी शीघ्र ही स्वर्णकला बोर्ड का गठन किया जाएगा।

---

## धान खरीदी केंद्र की मांग, पारागांव डीह के किसानों ने एनएच 130 पर चक्काजाम का दिया अल्टीमेटम

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत घटौद, बेगरपाला और जंगल धवलपुर के सैकड़ों किसानों ने नया धान खरीदी केंद्र स्थापित करने की मांग पूरी न होने पर आज एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे 28 अक्टूबर को सिकासार (जीरो चौन) मार्ग NH-130 पर चक्काजाम करेंगे। किसानों की पिछले कई वर्षों से मांग है कि ग्राम पारागांव डीह में नया धान खरीदी केंद्र स्थापित किया जाए। वर्तमान में उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए ग्राम धवलपुर के खरीदी केंद्र पर जाना पड़ता है। किसानों का आरोप है कि धवलपुर केंद्र पर जगह की कमी, लंबी कतारें और भेदभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे वे त्रस्त हो चुके हैं।




### प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं

किसानों का कहना है कि समिति का प्रस्ताव विधिवत तरीके से शासन-प्रशासन को कई बार सौंपा जा चुका है। यहाँ तक कि पिछले माह सितंबर में कलेक्टर जनदर्शन में भी ज्ञापन दिया गया था, जिस पर कलेक्टर ने जल्द निर्णय का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके, धान खरीदी शुरू होने में मात्र 20 दिन शेष होने पर भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### ज्ञापन सौंपकर दी सूचना

किसानों ने अपने इस बड़े आंदोलन की औपचारिक सूचना आज जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में मैनपुर एसडीओपी और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर दी। इस दौरान ग्राम पंचायत घटौद के सरपंच दिनेश नेताम, जंगल धवलपुर के सरपंच दिनेश ठाकुर, बेगरपाला के सरपंच मनराखन मरकाम सहित प्रमुख किसान तीजुराम नेताम, सुमेर कपिल और राजकुमार नेताम उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने जोर देते हुए कहा कि किसानों की यह लड़ाई न्याय और सम्मान की लड़ाई है, और **जब तक पारागांव डीह में नया धान खरीदी केंद्र स्वीकृत नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। किसानों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### चक्काजाम की चेतावनी

इस अनदेखी से आक्रोशित तीनों पंचायतों के किसानों ने निर्णय लिया है कि यदि उनकी मांगों पर अब भी ध्यान नहीं दिया गया, तो वे 28 अक्टूबर को महिला, पुरुष और बच्चों सहित हजारों की संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग (**NH**-130) पर उतरकर चक्काजाम करेंगे। किसानों ने चेतावनी दी है कि इस आंदोलन की समस्त जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।

---

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में दिवाली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मना

## दीपावली अंधकार से प्रकाश और असत्य से सत्य की ओर अग्रसर होने का प्रतीक : डॉ. भोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ बड़े हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा विश्वविद्यालय परिसर दीपों की मनोहर रोशनी, रंग-बिरंगी सजावट और मधुर संगीत से आलोकित हो उठा, जहाँ शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर आनंद, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, सांस्कृतिक एकात्मता और पारंपरिक मूल्यों का संवर्धन करना था। समारोह का शुभारंभ कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास के करकमलों द्वारा माँ सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने दीपावली को अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर अग्रसर होने का प्रतीक बताया। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने त्योहारों को एकजुटता का माध्यम बताते हुए सद्भाव, सहयोग और आत्मविकास का संदेश दिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए पर्व को आईएसबीएम परिवार में प्रेम, समरसता और प्रगति का प्रतीक बनने की कामना की।







### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में मनमोहक प्रस्तुतियों की श्रृंखला रही। अन्नपूर्णा, सुश्री डॉली यदु, देवू पिल्लई एवं सुश्री सुकृति पाठक ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ. मुमताज़ परवीन ने ऐ दिले नादान... गीत से सबका मन मोह लिया, जबकि सीचरण बंजारे ने मैं छत्तीसगढ़िया हों रे गीत प्रस्तुत कर स्थानीय संस्कृति का रंग बिखेरा। सहायक प्राध्यापक मुकुल ठाकुर के भक्ति गीत मेरी चौखट पर श्रीराम आए हैं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके अतिरिक्त, रागिनी सोनी एवं सुश्री सुकृति पाठक ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए, और कामेश यादव ने जाए तू कहीं भी, ये सोचना हम साथ हैं गीत से भावनात्मक रंग घोला। विश्वविद्यालय की दीदियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक सुआ गीत ने कार्यक्रम में लोकसांस्कृतिक छटा बिखेरी। समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा आयोजित रैंप वॉक समारोह का नया आकर्षण रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. मुमताज़ परवीन द्वारा सरस्वती वंदना तथा सुश्री अन्नपूर्णा साहू द्वारा छत्तीसगढ़ का राजगीत प्रस्तुति के साथ हुआ था। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन सीचारण बंजारे ने किया, जबकि इसका संयोजन हिमांशी साहू, प्रतिभा जायसवाल एवं विकास साहू द्वारा किया गया था। दिवाली मिलन समारोह ने विश्वविद्यालय परिसर को आनंद, एकता और सांस्कृतिक सौहार्द के उजास से आलोकित कर दिया।


